प्रेस नोट

हम सभी आद्री के सदस्य अपार दुख के साथ आपको सुचित कर रहे हैं कि एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीच्यूट (आद्री) के सदस्य–सचिव डा. शैबाल गुप्ता ने आज पटना में 7 बज कर 7 मिनट संध्याकाल में अंतिम सांसें लीं। वे 67 वर्ष के थे। डा. गुप्ता कुछ दिनों से पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे और कुछ ही दिन पहले अस्पताल में भर्ती थे। एक प्रख्यात समाज विज्ञानी होने के अलावा वे बड़े पैमाने पर इंस्टीच्यूशन बिल्डर के रूप में जाने जाते थे और आद्री की स्थापना उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। सामान्य तौर पर विकासमूलक अर्थशास्त्र एवं खासतौर पर बिहार के विकास की चुनौतियों पर उनके योगदान ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर लोगों का ध्यान खींचा। वे सामाजिक और राजनीतिक मामलों के बहुत बड़े जानकार एवं विश्लेषक थे, एवं राष्ट्रीय प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मे बड़े पैमाने पर प्रकट होते रहते थे। वे अपने पीछे पत्नी, बेटी, दामाद और नतीनी को छोड़ गए हैं जो सभी उनके निधन के समय उनके निकट उपस्थित थे।

(अंजनी कुमार वर्मा)